Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need to start work at Beena Refinery for the development of Bundelkhand region in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र सागर के बीना में आगासौद के पास भारत पैट्रोलियम द्वारा स्थापित की जाने वाली बीना रिफाइनरी के संबंध में आने वाली लगभग सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। राज्य शासन द्वारा भी इसमें सभी तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया जा चुका है किन्तु अभी तक इसका कार्य प्रारंभ नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को काफी निराशा हो रही है कि आखिर बीना रिफाइनरी प्रारंभ क्यों नहीं की जा रही, कहीं इसको अन्य स्थान पर ले जाने की तो योजना नहीं बन रही है।

इसकी लागत भी इसमें लगने वाले समय के कारण 7500 करोड़ रुपये से बढ़कर 10000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। ज़मीन का अधिग्रहण हो चुका है, किसानों को मुआवज़ा दिया जा चुका है। बाउंड्री वाल का भी निर्माण हो गया है। लगभग 300 करोड़ रुपये का खर्च हो चुका है। भारत पैट्रोलियम का वार्षिक लाभ भी लगभग 2000 करोड़ रुपये के आसपास है, अतः पूंजी की भी परेशानी नहीं है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश में बुन्देलखंड के विकास को ध्यान में रखते हुए बीना रिफाइनरी को शीघ्र प्रारंभ करवाने का सहयोग करें।

अध्यक्ष महोदय : श्री राजेश मिश्रा - उपस्थित नहीं। श्रीमती किरण माहेश्वरी।